कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 18.09.2023

// प्रेस विज्ञप्ति //

गर्ल्स कॉलेज में एक दिवसीय विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या महाविद्यालय में एक दिवसीय विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। यूथ रेडक्रॉस प्रभारी डॉ. रेशमा लाकेश ने बताया कि नगर निगम दुर्ग द्वारा संचालित दाई-दीदी क्लीनिक एवं एम.एम.यू. 2 को विशेष रूप से महाविद्यालय की छात्राओं के लिए लगाया गया। जहां महिला चिकित्सक एवं महिला स्टॉफ द्वारा महाविद्यालय के छात्राओं का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

शिविर में महिला चिकित्सक होने से महाविद्यालय की छात्राओं ने निःसंकोच अपनी समस्या बताई जिस पर उपस्थित डॉक्टर डॉ. गीतिका एवं डॉ. सौम्या द्वारा बारीकी से परामर्श एवं उपचार बताया गया। जांच उपरांत महाविद्यालय की छात्राओं में किसी भी तरह की कोई गंभीर बीमारी नही पाई गई।

इस अवसर पर ए.पी.एम.-मनीष यादव, डॉ. गीतिका यादव एवं डॉ. सौम्या सेंगर, लैब टेक्नीशियन - राजेश्वरी सिन्हा एवं पुष्पा साहू, नर्स- चंद्रकला एवं मंजू साहू, फार्मासिस्ट- विधि साहू एवं सुनिधि शिविर में उपस्थित रहे।

इस शिविर के माध्यम से महाविद्याल के कुल 143 छात्राओं ने स्वास्थ्य परीक्षण करवाया जिसमें कुल 95 छात्राओं एवं शिक्षकगण का लैब टेस्ट के माध्यम से अपना ब्लड टेस्ट किया गया जिसमे (ब्लड ग्रुप एवं हीमोग्लोबिन जांच, CBC करवाया गया और अनेक छात्राओं ने इस स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठाया।

महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. डी.सी. अग्रवाल ने इस योजना की प्रशंसा करते हुए कहा कि इससे महाविद्यालय की छात्राओं के साथ ही प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों को भी लाभ प्राप्त हुआ है।

समाचार के रुप में प्रकाशन हेतु निवेदित।

डॉ. डी.सी. अग्रवाल
प्रभारी प्राचार्य
शासकीय डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर
कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग(छ.ग.)

शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)
गर्ल्स कॉलेज में एक दिवसीय विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन